सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	**RAJASTHAN GAZETTE** **Extraordinary**
	साअधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
	पौष 16, सोमवार, *शाके* 1941–जनवरी 6, 2020 *Pausa 16, Monday, Saka 1941–January 6, 2020*	

भाग-6(क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर

आदेश

जयपुर, दिसम्बर 6, 2019

संख्या प.2(**क**)( )**जांच**/**डीएलबी**/19/3268**:-**श्री राजाराम गुर्जर सभापति नगर परिषद करौली के विरूद्ध पद का दुरूपयोग एवं दुराचरण करने के संबंध में आयुक्त नगर परिषद करौली से प्राप्त टिप्पणी एवं जिला पुलिस अधीक्षक करौली से प्राप्त अभियोग संख्या 414/2019 धारा 323, 189, 384 आई.पी.सी. थाना कोतवाली जिला करौली की तथ्यात्मक रिपोर्ट में प्रथम दृष्ट्या आरोप प्रमाणित माना गया है। श्री राजाराम गुर्जर सभापति नगर परिषद करौली का उक्त कृत्य राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 (1)(घ) के अन्तर्गत दुराचरण की श्रेणी में आता है। राज्य सरकार द्वारा उनके विरूद्व राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 (3) के अन्तर्गत न्यायिक जांच कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

चूॅकि श्री राजाराम गुर्जर सभापति नगर परिषद करौली के विरूद्ध आरोप गम्भीर प्रकृति के है एवं उनके सभापति पद पर बने रहने से जांच प्रभावित होने की सम्भावना है। अत: राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 (6) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा श्री राजाराम गुर्जर सभापति नगर परिषद करौली को सभापति एवं सदस्य नगर परिषद करौली के पद से तुरन्त प्रभाव से निलम्बित करती है।

राज्यपाल की आज्ञा से,
उज्जवल राठौड़,
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

3020

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।